आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारत और पाकिस्तान के संबंध में मौजूदा विदेश नीति के घटनाक्रमों के बारे में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शशि थरूर की अध्यक्षता वाली संसदीय स्थायी समिति से साझा की जानकारी।
- प्रदेश में चल रहे गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण के दौरान महज चौबीस घंटे में बने दो विश्व रिकॉर्ड, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की एएसआई सर्वे के खिलाफ दाखिल पुनरीक्षण याचिका खारिज की।
- बीते चौबीस घंटों में तेज आंधी के साथ हुई बारिश के बाद प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी से मिली राहत।

**********

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कल संसदीय स्थायी समिति को भारत और पाकिस्तान के संबंध में मौजूदा विदेश नीति के घटनाक्रमों पर जानकारी दी। उन्होंने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति को ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की घोषणा के बारे में जानकारी दी।

पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश नीति के घटनाक्रमों पर संसदीय पैनल को पहली बार किसी शीर्ष सरकारी अधिकारी ने जानकारी दी है।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच, पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इस कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता मेजर रामास्वामी परमेश्वरन का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने श्रीलंका में ऑपरेशन पवन में सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट–

**बम्बई में जन्मे मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को जनवरी 1972 में महार रेजीमेंट में शॉर्ट सर्विस कमीशन मिला। भारत श्रीलंका समझौते के तहत कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय सेना की कई टुकड़ियां श्रीलंका भेजी गई थी। मेजर परमेश्वरन उनकी यूनिट महार को भी ऑपरेशन पवन के लिए श्रीलंका भेजा गया था। 25 नवंबर 1987 को मेजर परमेश्वरन देर रात एक सर्च ऑपरेशन से अपनी टुकड़ी के साथ लौट रहे थे, अचानक उनके दस्ते पर उग्रवादियों की एक समूह ने घात लगाकर हमला कर दिया। हाथापाई के दौरान एक उग्रवादी ने उनके सीने में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने आदेश देना जारी रखा। इस कार्रवाई में पांच उग्रवादी मारे गए और तीन राइफलें और दो रॉकेट लांचर जप्त किए गए। मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को अत्यंत विशिष्ट वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी– आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गये रामपुर जिले के रहने वाले शहजाद को यूपी एटीएस ने कल लखनऊ की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**********

प्रदेश में चल रहे गंगा एक्सप्रेस के निर्माण के तहत महज 24 घंटे के भीतर दो विश्व रिकॉर्ड बने हैं। गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स, एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स और इंडियन बुक ऑफ रिकाड्र्स के प्रतिनिधियों ने इन दोनों विश्व रिकार्ड को लेकर प्रमाण पत्र जारी किए हैं।

***उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अनुसार पहला रिकार्ड हरदोई–उन्नाव प्रभाग में 24 घंटे में चौतीस दशमलव दो चार लेन किलोमीटर बिटुमिनस कंक्रीट बिछा कर बनाया गया है। जबकि दूसरा रिकार्ड एक ही दिन में 10 किलोमीटर थाई बीम क्रैश बैरियर की स्थापना कर बनाया गया है। यह रिकार्ड पहली बार किसी भी एक्सप्रेस वे के निर्माण में दर्ज हुआ है। थाई बीम क्रैश बैरियर दुर्घटना होने पर वाहन को सुरक्षित रखने में मददगार साबित होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस उपलब्धि पर यूपीडा की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नया उत्तर प्रदेश वैश्विक मानकों की अधोसंरचना वाला राज्य बन रहा है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

**********

मेरठ को स्मार्ट, स्वच्छ और सस्टेनेबल शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में 'इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान' की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ की ऐतिहासिक, औद्योगिक और शैक्षणिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए सभी योजनाएं पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप क्रियान्वित की जाएं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों की आय में वृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना' शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कल लखनऊ में बैठक कर सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाने, उनकी कृषि उत्पादकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है, ऐसे में किसानों को सस्ती दर पर सरलता से ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना इसी दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष इस महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। श्री योगी ने प्रस्तावित मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना में नाबार्ड के साथ–साथ सहकारी बैंकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।**

**********

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कल संभल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की एएसआई सर्वे के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका सिविल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए की गई थी। वहीं, संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर दाखिल दूसरे पक्ष के वाद को हाईकोर्ट में जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत ने पोषणीय माना। वादी पक्ष के वकील एसए नसीम ने बताया कि न्यायालय के फैसले का अवलोकन करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय में आदेश को चुनौती दी जायेगी।

**उन्नीस नवम्बर दो हजार चौबीस को संभल के सिविल जज ने सम्भल की शाही जामा मस्जिद के खुदाई के लिए सर्वे का आदेश दिया था। जिसको मस्जिद कमिटी ने माननीय उच्च न्यायालय में एक याचिका के माध्यम ऐसी चुनौती दी थी जिसकी सुनवाई करने के बाद माननीय न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने आदेश को सुरक्षित रख लिया था। सौ पेज के ऊपर के उस आदेश में उस याचिका को खारिज कर दिया गया है।**

हाईकोर्ट के निर्णय को देखते हुए कल संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में पुलिस ने वहां फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ आयेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनका यह पहला लखनऊ दौरा है। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री डॉ. केएनएस मेमोरियल अस्पताल के रजत जयंती समारोह में शामिल होंगे।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग– आईपीएल दो हजार पचीस के तहत कल हुए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में हुए इस मैच के साथ ही सुपर जायंट्स की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। कल शाम को हुए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने दो सौ छह रनों का लक्ष्य रखा था। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने सिर्फ चार विकेट खोकर अठारह दशमलव दो ओवर में ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया।

**********

पिछले चौबीस घंटों के भीतर प्रदेश के गोरखपुर और पीलीभीत समेत कई अन्य जिलों में भी आंधी चलने के साथ साथ तेज बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। कल दिन में गोरखपुर और आसपास के जिलों में दिन में थोड़ी देर बादल छाए रहे और कहीं कहीं बूंदाबांदी से लेकर बारिश भी हुई। हांलाकि बीती रात इस अंचल में तेज बारिश हुई है। पीलीभीत जिले में आज तड़के बारिश के साथ साथ ओले भी पड़े।

**********